विपक्ष की अराजकता का जवाब देने को तैयार रहें भाजपा कार्यकर्ता -विशाल सिंह



विपक्ष की अराजकता का जवाब देने को तैयार रहें भाजपा कार्यकर्ता

तीन नवंबर की लखनऊ रैली की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक, कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारी

गोण्डा। भाजपा के अवध क्षेत्र के मंत्री विशाल सिंह ने कहा कि विपक्ष देश में अराजकता का माहौल पैदा करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को विपक्षी दलों को मुँहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। वह तीन नवंबर को लखनऊ में प्रस्तावित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें विकास की योजनाएं रास नहीं आतीं। विपक्ष जनता के बीच जाने से बच रहा है और किसी भी तरह सत्ता हासिल करने के लिए लालायित है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता विपक्ष की नीतियों का मजबूती से जवाब देगा। बैठक का संचालन भाजपा जिला मंत्री दीपक गुप्ता ने किया, जबकि समापन महामंत्री राकेश तिवारी ने किया। भाजपा मीडिया प्रभारी विवेक मणि श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में अर्जुन तिवारी, हरीश शुक्ला, नीरज मौर्य, महामंत्री विष्णु प्रताप नारायण सिंह, रंजीत बाबा, सह मीडिया प्रभारी अभिषेक दत्त त्रिपाठी, जितेंद्र पाण्डेय, विष्णु पाण्डेय, मनीष द्विवेदी और विनय शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीएम की सख्ती के बाद आलापुर में जनगणना कार्य ने पकड़ी रफ्तार

अम्बेडकरनगर। तहसील क्षेत्र में जनगणना कार्य को लेकर कार्मिकों के विरोध और कार्य बहिष्कार के बाद जिलाधिकारी ईशा प्रिया की सख्ती का असर बुधवार को दिखाई दिया। मंगलवार देर शाम डीएम ने उपजिलाधिकारी आलापुर विकास यादव और तहसीलदार रवीश कुमार को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद बुधवार सुबह से प्रगणकों और फील्ड ट्रेनरों ने काम शुरू कर दिया जिससे जनगणना कार्य ने फिर रफ्तार पकड़ ली।मंगलवार को कार्मिकों के विरोध नारेबाजी और कार्य बहिष्कार के बाद तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठे थे। बताया जाता है कि तहसीलदार की कार्यशैली को लेकर पूर्व में भी बीएलओ और कर्मचारियों की शिकायतें सामने आती रही हैं। हाल में एक बैठक में कर्मचारियों से कथित अमर्यादित व्यवहार का मामला भी चर्चा में रहा। हालांकि इन शिकायतों और आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में कार्मिकों के असंतोष के बाद प्रशासनिक स्तर पर हस्तक्षेप किया गया। डीएम की सख्ती के बाद फिलहाल कर्मचारी काम पर लौट आए हैं और कार्य सुचारु रूप से चलने की सूचना है। हालांकि कार्मिकों की समस्याओं का स्थायी समाधान और व्यवस्था में सुधार आगे कितना प्रभावी रहता है यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

गिरंट बाजार श्रावस्ती। जमुनहा तहसील क्षेत्र के थाना हरदत्त नगर गिरंट में प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह ने मंगलवार को थाने की कमान संभाली और बुधवार को आगामी त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष व व्यापारियों के साथ पीस कमेटी की एक बैठक आहूत की गयी।बैठक की । बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि सभी लोग आपस में मिलकर सौहार्द पूर्वक त्यौहार को मनाये। किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दे।

निराश्रित स्वानों से सुरक्षा के लिए हर माह चलेगा अभियान

अम्बेडकरनगर। निराश्रित स्वानों से बढ़ते जोखिम को देखते हुए जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक में उन्होंने सरकारी कार्यालयों शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक कदम उठाने को कहा।जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को हर माह विशेष अभियान चलाकर निराश्रित स्वानों को पकड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पकड़े गए स्वानों का पशुपालन विभाग से समन्वय कर एंटी रेबीज टीकाकरण कराया जाए और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा जाए।

एक नजर

ससुर ने गर्भवती बहू पर लकड़ी से वार कर उतारा मौत के घाट

श्रावस्ती। थाना सिरसिया क्षेत्र अन्तर्गत टीकाकरण को लेकर हुये विवाद में ससुर ने गर्भवती बहू के सिर पर लकड़ी से वार कर दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना सिरसिया क्षेत्र के बनकटवा कला गांव निवासी सलमान की पत्नी सुबीना उम्र 25 वर्ष गर्भवती थी। टीकाकरण को लेकर उसका अपने ससुर निरम अली से विवाद हो गया। ससुर चाहते थे कि बहू का टीकाकरण घर के पास ही कराया जाए, जबकि सुबीना मायके जाना चाहती थी। इसी बात को लेकर दोनों में झड़प हो गई। मृतक सुबीना अपने मायके वालों से मोबाइल फोन पर बात कर रही थी। आरोप है कि ससुर ने उससे मोबाइल फोन मांगा, जिसको लेकर विवाद और बढ़ गया। सुबीना ने गुस्से में फोन पटक दिया। इसके बाद ससुर ने पास रखी लकड़ी से उसके सिर पर वार कर दिया। हमले के बाद सुबीना बेहोश हो गई। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सिरसिया थाना पुलिस और क्षेत्राधिकारी भिनगा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना से जुड़ी जानकारी जुटाई।

अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात लेकर फरार

श्रावस्ती। थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्र अन्तर्गत अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर फरार हो गये। चोरी की घटना की सूचना घर वालों को सुबह उठने के बाद हुयी। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर चोरो को पकड़ने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्र के सहियापुर गांव में रामबरन प्रजापति के घर में लाखों रुपये के जेवर चोरी हो गये।परिजनों के अनुसार, चोरी हुए जेवर रामबरन की बेटी के थे। बेटी की मां ने ये जेवर और सामान एक छोटे बटुए में रखकर एक भुरके में घर की दीवार के अंदर छिपा दिए थे। इसकी जानकारी सिर्फ परिवार को थी। रामबरन के बेटे कृष्ण कुमार ने बताया कि मंगलवार को ही उनके पिता बाहर गए हुए थे और वह खुद हाट में सो गए थे। सुबह उनकी पत्नी को दीवार के पास खाली बटुआ मिला, जिसमें से जेवर गायब थे। कृष्ण कुमार ने डायल 112 पर पुलिस को बताया। लक्ष्मणपुर बाजार पुलिस चौकी प्रभारी ने वारदात स्थल निरीक्षण कर किया तथा जांच पड़ताल में जुट गये है।

शिक्षक एमएलसी चुनाव में भाजपा के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने मारी बाजी

श्रावस्ती। विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने जीत दर्ज की। प्रथम वरीयता के मतों की गिनती में उन्हें 11,881 वोट मिले, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी राजीव यादव को 11,415 वोट मिले। इस प्रकार ध्रुव त्रिपाठी ने 466 वोट से आगे रहकर जीत दर्ज की। भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा ने इसे कार्यकर्ताओं और शिक्षकों की मेहनत की जीत बताया।23 अक्टूबर को मतदान के बाद 27 अक्टूबर से मतगणना शुरू हुई। यह 28 अक्टूबर को निर्णायक चरण में पहुंची। भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा ने कहा कि श्रावस्ती सहित गोरखपुर और फैजाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई। भाजपा ने ध्रुव कुमार त्रिपाठी को समर्थन देकर प्रत्याशी माना था। उन्होंने पार्टी के भरोसे को कायम रखा। शिक्षक एमएलसी चुनाव अभियान के श्रावस्ती जिला सह-संयोजक संजू तिवारी ने कहा कि नतीजा प्रबुद्ध वर्ग के भाजपा को समर्थन को दिखाता है। उनके मुताबिक, मतदाताओं ने ध्रुव कुमार त्रिपाठी के शिक्षकों के हित में किए कामों को सराहा और वोट देकर समर्थन किया। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. संजयन त्रिपाठी भी चुनाव मैदान में थे।

करवाचौथ तथा गोवर्धन पूजा हेतु अवकाश घोषित

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) ललित कुमार ने बताया है कि जनपद श्रावस्ती में वर्ष 2026 की स्थानीय अवकाशों की सूची में दिनांक 14-01-2026 को मकर संक्रान्ति एवं दिनांक 19-10-2026 को महानवमी का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था, किन्तु शासन द्वारा उक्त दिवसा को पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया। इसलिए जिलाधिकारी महोदया के निर्देशानुसार उपरोक्तानुसार पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाशों को संशोधित करते हुए जनपद श्रावस्ती में दिनांक 29-10-2026 (गुरुवार) को करवाचौथ तथा दिनांक 10-11-2026 (मंगलवार) को गोवर्धन पूजा का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त स्थानीय अवकाशों में बैंक तथा कोषागार को छोड़कर सभी शासकीय कार्यालय बन्द रहेंगे।

उद्योग बन्धु व श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु/औद्योगिक-व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक कलेक्टेड्ट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें विभागीय योजनाओं के प्रगति की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार उद्यम को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए उद्यम स्थापना के लिए लोन लेने वाले पात्र उद्यमियों को समय से लोन मुहैया कराया जाय और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर निराकरण कराया जाए, ताकि उद्यमीगण समय से अपने उद्यम की स्थापना कर सके। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, जी0बी0सी0, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओ0डी0ओ0पी0 योजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। समीक्षा के दौरान पाया गया कि बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृति की प्रगति अत्यंत कम है, जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक ऋण आवेदनों पर स्वीकृति करते हुए लोगों को ऋण योजनाओं का लाभ प्रदान करें, जिससे आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके और वे अपना स्वयं का उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें। श्रम बन्धु की बैठक में निर्माण अधिष्ठानों के पंजीकरण, श्रमिकों के पंजीकरण, श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण, बाल श्रमिकों के चिन्हांकन एवं पुनर्वासन की समीक्षा की गई।

प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारें, त्याग और मर्यादा का अपनाएं मार्ग- मुकुट बिहारी वर्मा



कैसरगंज, बहराइच। असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयादशमी के पावन पर्व पर श्री रामलीला समिति देवलखा की ओर से आयोजित दशहरा महोत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने भगवान श्रीराम के जीवन को त्याग, सत्य, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा का अनुपम उदाहरण बताते हुए लोगों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महोत्सव के संयोजक एवं भाजपा जिला महामंत्री सुबेद वर्मा ने मुख्य अतिथि मुकुट बिहारी वर्मा, विशिष्ट अतिथि बृजेश पांडे सहित अन्य पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंटकर अतिथियों को सम्मानित किया गया।

एक नजर

रुपये का लालच देकर महिला से छेड़छाड़, मामला दर्ज

नवाबगंज। रुपये देने का लालच देकर महिला से छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने गांव के ही गोलू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के एक गांव की महिला के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब सात बजे वह अपने घर के पास खड़ी थी। इसी दौरान गांव का गोलू उसके पास पहुंचा और रुपये देने का लालच देकर उसे गन्ने के खेत में चलने को कहने लगा। महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर खींचने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर घर के लोग दौड़े, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग गया। एसओ मृत्युंजय ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

बभनजोत। खोड़ारे थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 27 अक्टूबर की रात करीब 12 से एक बजे के बीच सूरज पुत्र श्याम बिहारी निवासी करतास, जिला धनबाद (झारखंड), उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद जानकारी हुई कि युवती को भगाने में बंदरी पुत्र रामरूचि और काजल पत्नी साजन ने सहयोग किया। थाना प्रभारी ज्ञान सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

जनगणना प्रशिक्षण का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

गोण्डा। करनैलगंज तहसील में जनगणना-2027 के तहत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का चार्ज ऑफिसर और तहसीलदार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गणनाकर्मियों और पर्यवेक्षकों की उपस्थिति के साथ प्रशिक्षण स्थल पर बैठने, पेयजल, बिजली और प्रशिक्षण सामग्री की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जनगणना प्रश्नावली भरने, मोबाइल ऐप के संचालन और डेटा प्रविष्टि की प्रक्रिया के संबंध में दिए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता भी परखी गई। अधिकारियों ने संबंधित प्रशिक्षकों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार व्यवस्थित ढंग से पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि गणनाकर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया जाए और उनकी शंकाओं का समाधान किया जाए, ताकि जनगणना का कार्य सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

जिलाधिकारी ने खेत में धान की कटाई कर परखी उपज

गोण्डा। सदर तहसील के ग्राम गिलौली में बुधवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में धान की औसत पैदावार का आकलन करने के लिए चार किसानों के खेतों में क्रॉप कटिंग प्रयोग कराया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं खेत में पहुंचकर धान की कटाई की और उपज का परीक्षण किया। क्रॉप कटिंग प्रयोग के दौरान कृषक रमपता पत्नी वासुदेव के गाटा संख्या 172 में 43.30 वर्ग मीटर क्षेत्रफल से 28.600 किलोग्राम धान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार राम औतार पुत्र राम अवध के गाटा संख्या 252 से 32.400 किलोग्राम, अर्जुन प्रसाद पुत्र बदलू के गाटा संख्या 253 से 17.250 किलोग्राम तथा सुरेश कुमार पुत्र गंगा राम के गाटा संख्या 517 से 20.560 किलोग्राम धान की उपज प्राप्त हुई। सभी खेतों में 43.30 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में क्रॉप कटिंग की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्रॉप कटिंग प्रयोग पूरी पारदर्शिता के साथ कराए जाएं, जिससे जिले में धान की औसत पैदावार का सटीक आकलन हो सके। उन्होंने कहा कि इन प्रयोगों से कृषि उत्पादन की वास्तविक स्थिति का पता चलता है। साथ ही, फसल बीमा योजना के तहत किसानों को मिलने वाले लाभ के निर्धारण में भी सहायता मिलती है। इस अवसर पर तहसीलदार सदर मनीष कुमार, नायब तहसीलदार शिवली सिंह, अपर सांख्यिकीय अधिकारी योगेंद्र प्रसाद चौहान, संबंधित गांव के लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, ग्राम प्रधान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने राजकीय महाविद्यालय हरदत्तनगर गिरंट का किया औचक निरीक्षण

गिरन्ट बाजार श्रावस्ती। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, देवीपाटन मंडल प्रोफेसर (डॉ) पवन कुमार मौर्या ने आज राजकीय महाविद्यालय हरदत्तनगर गिरंट, जमुनहा, श्रावस्ती का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लगभग तीन घंटे तक विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका, कार्यालय अभिलेखों के रखरखाव, स्मार्ट क्लास, प्रयोगशाला, पुस्तकालय तथा महाविद्यालय परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने महाविद्यालय में कक्षाओं का जायजा लिया तथा छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, अध्ययन-अध्यापन की स्थिति एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से विभिन्न प्रश्न पूछकर उनकी विषयगत समझ का आकलन भी किया।

कलेक्ट्रेट लिपिक संवर्ग की तीन सूत्री मांगों पर जिलाधिकारी ने लगाई मोहर

बहराइच। उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ द्वारा कलेक्ट्रेट लिपिक संवर्ग बहराइच के उपयोगार्थ आवश्यक संसाधनों की मांग को स्वीकार करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा प्रभारी अधिकारी नजारत को अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि पटलों से सम्बन्धित कार्यो को सुचारू रूप से सम्पन्न करने के लिए लिपिक संवर्ग द्वारा प्रत्येक पटल सहायक को आल इन वन कम्प्यूटर, यूपीएस, प्रिंटर मय इन्टरनेट कनेक्शन उपलब्ध कराने, कलेक्ट्रेट संघ भवन हेतु कलेक्ट्रेट स्थित विनियमित क्षेत्र के बगल, स्थित खाली भवन को संघ के उपयोग के लिये दिये जाने तथा समस्त लिपिक संवर्ग के कार्मिकों को एक ही स्थान पर बैठकर बेहतर वातावरण में कार्य करने हेतु नवीन मीटिंग हाल को संयुक्त कार्यालय के लिये आवंटित किये जाने की मांग को जिलाधिकारी द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करने से कलेक्ट्रेट कार्मिकों में हर्ष का माहौल है। उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, शाखा बहराइच के पदाधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के हित में लिये गये निर्णय के लिए जिलाधिकारी का आभार ज्ञापित किया गया है।

अमरूद के पेड़ से लटकता मिला 20 वर्षीय युवती का शव, परिवार में मचा कोहराम

नवाबगंज के चकमखा गांव की घटना, दिल्ली में मजदूरी कर रहे पिता को दी गई सूचना

गोण्डा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के हरिवंशपुर गांव के मजरे चकमखा में बुधवार सुबह 20 वर्षीय युवती मधू का शव घर के सामने अमरूद के पेड़ की डाल से साड़ी के फंदे के सहारे लटकता मिला। शव देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। मृतका की बड़ी भाभी काजल के मुताबिक, मंगलवार रात करीब आठ बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सो गए थे। बुधवार सुबह करीब पांच बजे उठने पर मधू घर के सामने अमरूद के पेड़ से लटकती मिली। घटना की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने बताया कि मधू की मां मालती देवी की करीब एक वर्ष पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। उसके पिता जगतपाल करीब एक माह पहले दिहाड़ी मजदूरी करने दिल्ली गए हैं। घटना की सूचना उन्हें फोन पर दे दी गई है। काजल ने बताया कि उसके पति रोहित समेत परिवार में तीन भाई और मधू एक बहन थी। तीनों भाई खेती-किसानी के साथ दिहाड़ी मजदूरी भी करते हैं। मृतका का बड़ा भाई रोहित और छोटा भाई राहुल मंगलवार शाम करीब चार बजे वजीरगंज क्षेत्र के जमुनहा गांव में अपनी बुआ के यहां करवा लेकर गए थे। दोनों के घर नहीं लौटने पर उन्हें भी घटना की सूचना दी गई। वहीं, दूसरा भाई विशाल और भाभी कांती घर के कमरे में सो रहे थे। घटना को लेकर आसपास के ग्रामीण कुछ भी कहने से बचते नजर आए। थानाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने बताया कि युवती की मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस मोबाइल फोन समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखकर मामले की गहनता से जांच कर रही है।

59 जर्जर स्कूल भवनों के ध्वस्तीकरण को मंजूरी

बहराइच। विकास खंड जरवल के परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 59 जर्जर भवनों को ध्वस्त किया जाएगा। इन भवनों के मलबे की नीलामी सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल के माध्यम से कराई जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार, सुरक्षा के लिहाज से इन भवनों को पहले ही अनुपयोगी और जर्जर घोषित किया जा चुका है। लंबे समय से खराब हालत में पड़े इन भवनों के गिरने का खतरा बना हुआ था। ऐसे में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा को देखते हुए इन्हें ध्वस्त करने का निर्णय लिया गया है।

युवा उत्सव में छात्र.छात्राओं ने लोककला और रचनात्मकता का दिखाया हुनर

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में बुधवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से युवा उत्सव 2026.27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी डॉण् हरिओम पांडेय और जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उत्सव में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।युवा उत्सव में लोकगीत लोकनृत्य नुक्कड़ नाटक कविता लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताएं हुईं। लोकनृत्य में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अकबरपुर प्रथम और आदर्श जनता इंटर कॉलेज टांडा द्वितीय रहा।

प्लास्टिक प्रदूषण पर शोध कर रहे नन्हें वैज्ञानिक, बच्चों में जागरूकता से दिखा व्यवहार परिवर्तन



कैसरगंज, बहराइच। प्लास्टिक प्रदूषण आज पर्यावरण के सामने गंभीर चुनौती बना हुआ है। इसके दुष्प्रभावों को वैज्ञानिक तरीके से समझने और लोगों के व्यवहार में बदलाव का अध्ययन करने के लिए राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जूनियर बाल वैज्ञानिक आरव रघुवंशी और आराध्या शोध कार्य में जुटे हैं। भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग से जुड़े इस शोध का विषय 'रिथिंकिंग प्लास्टिकरू द पाथ टू अ क्लीनर प्लैनेट' है। दोनों बाल वैज्ञानिक अपने शोध के माध्यम से प्लास्टिक के प्रति लोगों की सोच और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। शोध कार्य शुरू करने से पहले दोनों बाल वैज्ञानिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष यूसुफ अली से मुलाकात कर अपनी कार्ययोजना साझा की तथा नगर पंचायत से आवश्यक आंकड़े जुटाए। शोध पूरा होने के बाद वे अपनी अंतिम रिपोर्ट और निष्कर्ष नगर पंचायत अध्यक्ष को सौंपेंगे, ताकि क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।गाइड शिक्षक इंद्रमोहन यादव और रसल रघुवंशी के मार्गदर्शन में बाल वैज्ञानिकों ने जमालुद्दीनपुर वार्ड संख्या-4 में कूड़ा विश्लेषण अभियान चलाया। इसके तहत दस घरों से एकत्रित कचरे का वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया। साथ ही पांच घरों के बच्चों और पांच घरों के वयस्कों को अलग-अलग जागरूक कर प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति उनकी समझ तथा व्यवहार में आने वाले बदलावों का अध्ययन किया गया। बच्चों में जागरूकता का असर अधिक प्रभावी'' शोध के शुरुआती परिणामों में जागरूकता के बाद बच्चों में व्यवहारिक बदलाव वयस्कों की तुलना में अधिक प्रभावी पाया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 168 जोड़े बने हमसफर



अम्बेडकरनगर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को जिले में तीन स्थानों पर सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए गए। विधि.विधान और हर्षोल्लास के बीच कुल 168 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखी एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।बरियावन स्थित पैराडाइज गार्डन में रामनगर टांडा बसखारी ब्लॉक तथा इल्तिफातगंज अशरफपुर किछौछा और टांडा नगर क्षेत्र के 54 जोड़ों का विवाह हुआ। कार्यक्रम में एमएलसी हरिओम पांडेय जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा जिलाधिकारी ईशा प्रिया पूर्व विधायक संजू देवी और पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।अकबरपुर के पहितीपुर रोड स्थित जयश्री मैरिज लॉन में अकबरपुर भीटी कटेहरी ब्लॉक व अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र के 61 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। वहीं बंदीपुर भियांव स्थित जगरदेव बाबा सद्भावना लॉन में जहांगीरगंज भियांव जलालपुर ब्लॉक तथा संबंधित नगरीय निकायों के 53 जोड़ों का विवाह कराया गया। इन दोनों आयोजनों में विधायक धर्मराज निषाद पूर्व सांसद रितेश पांडेय सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारी शामिल हुए।जिला समाज कल्याण अधिकारी के अनुसार योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 21 हजार रुपये की विवाह उपहार सामग्री 15 हजार रुपये आयोजन व्यवस्था तथा 64 हजार रुपये विवाहित कन्या के बैंक खाते में सीधे भेजे गए।

अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को मारी ठोकर

श्रावस्ती। थाना हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र अन्तर्गत एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बदला-बरदेहरा मार्ग पर कटकुइयां के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।घायल युवक की पहचान बहराइच जिले के रिसिया थाना क्षेत्र के सिसई सलोन निवासी संजय के रूप में हुई है। वह अपनी बहन के यहां करवाचौथ का सामान देने महरू मुर्तिहा गांव आया था।इसके बाद संजय अपने बहनोई राजित के रिश्तेदार के गांव चंदनकोटिया, नासिरगंज गए था। वहां से घर लौटते समय यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद संजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर ले जाया गया।

महिला चिकित्सक डाक्टर आलिया की अकूत संपत्ति की जांच कराने की मांग

बहराइच। महारानी पद्मावती यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवानी ठाकुर ने आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है। और पत्र में अवगत कराया गया है कि कैसरगंज सीएचसी में एक महिला चिकित्सक डाक्टर आलिया पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से एक ही स्थान पर तैनात हैं। और डाक्टर आलिया कस्बे में ही अपना निजी नर्सिंग होम भी संचालित कर रही हैं। और सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को अपने द्वारा पाले गए एजेंटों के माध्यम से अपने निजी नर्सिंगहोम भेज देती हैं। और भारी भरकम रकम ऐंठनें के साथ ही आए दिन मरीजों, तथा नवजात शिशुओं की जान चली जाती है और जब कोई परिजन मौतों का कारण पूछतें है तब डाक्टर आलिया अपने पाले गुंडों से मरीजों के परिजनों को धमकाने का कार्य कराती हैं। और तमाम विवादित जमीनों को कब्जा कर रखा है साथ ही डाक्टर आलिया लखनऊ से लेकर नोयडा तक तमाम प्लाट, मकान और कामर्शियल प्रापर्टी में निवेश किया हुआ है साथ ही डाक्टर आलिया को स्थानीय लोग दबंग भू-माफिया के नाम से जानते हैं। तथा स्थानीय लोगों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर भवानी ठाकुर ने सीएम योगी से मांग की है कि मामले की प्रशासनिक जांच कराई जाए और मोतीपुर, मूर्तिहा आदि जगहों पर स्थानांतरण किया जाए।